Toppersnotes®

Unleash the topper in you

# हिमाचल प्रदेश

## पुलिस कांस्टेबल

हिमाचल प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड

भाग - 2

### सामान्य हिन्दी एवं अंग्रेजी

SIERRA INNOVATIONS

# विषयसूची


| S No. | Chapter Title | Page No. |
|---|---|---|
| 1 | वर्णमाला | 1 |
| 2 | संज्ञा | 5 |
| 3 | सर्वनाम | 7 |
| 4 | विशेषण | 9 |
| 5 | क्रिया | 12 |
| 6 | अव्यय एवं अविकारी शब्द | 15 |
| 7 | विलोम शब्द | 19 |
| 8 | पर्यायवाची शब्द | 25 |
| 9 | अनेकार्थी शब्द | 30 |
| 10 | मुहावरे | 34 |
| 11 | लोकोक्तियाँ | 42 |
| 12 | वर्तनी शुद्धि | 49 |
| 13 | विराम चिन्ह | 54 |
| 14 | संधि | 57 |
| 15 | समास | 69 |
| 16 | उपसर्ग | 79 |
| 17 | प्रत्यय | 83 |
| 18 | लिंग | 88 |
| 19 | वचन | 93 |
| 20 | Golden Rules of English Grammar | 96 |
| 21 | Preposition (उपसर्ग) | 123 |
| 22 | Article (लेख) | 137 |
| 23 | Sentence Improvements (वाक्य सुधार) | 144 |


# विषयसूची


| S No. | Chapter Title | Page No. |
|---|---|---|
| 24 | Important Synonyms and Antonyms (विलोम और पर्यायवाची शब्द) | 154 |
| 25 | Idioms and Phrases (मुहावरे और वाक्यांश) | 162 |

# 1 CHAPTER

# वर्णमाला

- किसी भाषा की सबसे छोटी इकाई जिसे छोटे भागों में और न तोड़ा जा सकता हों, ध्वनि कहलाती है, ध्वनि को वर्ण कहा जाता है। **वर्णों के व्यवस्थित समूह को वर्णमाला** कहा जाता है।
- हिंदी वर्णमाला में मूलत: कुल 44 वर्ण होते हैं जिन्हें 2 भागों में विभक्त गया है।




**क्या आप जानते हैं?**

वर्णों को लेकर विद्वान एकमत नहीं हैं। वर्णों की संख्या कहीं 52 तो कहीं 44 मानी गयी है। सरकारी वर्णमाला में ड़, ढ़, श्र को स्थान नहीं दिया गया है, अत: वहाँ कुल वर्णों की संख्या 53-3 = 49 ही मानी गयी है।
सर्वमान्य मत - 44 वर्ण हैं। (11 स्वर तथा 33 व्यंजन)

**वर्णों का वर्गीकरण**


- **श्वास वायु के आधार पर**
  - **(i) अनुनासिक** – अनुनासिक वर्णों की ध्वनि में श्वास वायु मुख के साथ नाक से बाहर निकलती है। अनुनासिक वर्णों में चन्द्रबिंदु का प्रयोग किया जाता है। जैसे – अँ, इँ, प्रत्येक वर्ग का पाँचवां वर्ण।
  - **(ii) अल्प प्राण** – ऐसे वर्ण जिनका उच्चारण करते समय वायु का कम प्रवाह होता है, अल्प प्राण कहलाते हैं। प्रत्येक वर्ग का 1, 3 व 5 वाँ वर्ण।
  - **(iii) महाप्राण** – ऐसे वर्ण जिनका उच्चारण करते समय अधिक वायु का प्रवाह होता है, महाप्राण कहलाते हैं। प्रत्येक वर्ग का दूसरा व चौथा वर्ण।
- **स्वर तत्रों की स्थिति व कम्पन्न के आधार पर**
  - **(i) घोष/सघोष :-** घोष का शाब्दिक अर्थ है नाद या गूंज। जिन वर्णों का उच्चारण करते समय स्वर तंत्र में कंपन (गूंज उत्पन्न होना) होता है, उन्हें घोष वर्ण कहते हैं।

    **घोष वर्णों की पहचान -** सभी वर्गों के अन्तिम तीन वर्ण घोष वर्ण कहलाते हैं। इसके अतिरिक्त सभी स्वर भी घोष वर्ण होते हैं। इनकी कुल संख्या तीस है।
  - **(ii) अघोष :-** जिन वर्णों के उच्चारण में प्राणवायु में कम्पन नहीं होता अतः कोई गूंज उत्पन्न नहीं होती वे वर्ण अघोष वर्ण कहलाते हैं।

    **अघोष वर्णों की पहचान** - सभी वर्गों के पहले और दूसरे वर्ण अघोष वर्ण होते हैं, इनकी संख्या तेरह है।

## <u>स्वर</u>

- ऐसी ध्वनियाँ अथवा वर्ण जिनका उच्चारण करने में अन्य किसी ध्वनि की सहायता की आवश्यकता नहीं होती, उन्हें स्वर कहते हैं।
- स्वर स्वतंत्र एवं पूर्ण होते हैं। **स्वर 11 होते हैं** - अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ, ऋ।




- **इन्हें मूलत: 3 भागों में बांटा जा सकता है।**
  - **(i) ह्रस्व स्वर** - जिन स्वरों के उच्चारण में अपेक्षाकृत कम समय लगे उन्हें ह्रस्व स्वर कहा जाता है। इन्हें मूल स्वर भी कहा जाता है। जैसे - अ, इ, उ।
  - **(ii) दीर्घ स्वर -** जिन स्वरों को बोलने में अधिक समय लगे उन्हें दीर्घ स्वर कहते हैं। इन्हें मात्रा द्वारा भी दर्शाया जाता है। ये दो स्वरों को मिला कर बनते हैं अतः इन्हें संयुक्त स्वर भी कहा जाता है। जैसे – आ, ई, ऊ।
  - **(iii) प्लुत स्वर** – जिन स्वरों के उच्चारण में दीर्घ सवा से भी अधिक समय लगता है वे प्लुत स्वर कहलाते हैं।

- **जिह्वा के आधार पर स्वर**
  - **(i) अग्र स्वर** –स्वर जिसमे जीभ का अग्र भाग प्रयोग में आता हैं । - इ, ई, ए, ऐ
  - **(ii) मध्य स्वर** – जिसमे जीभ का मध्य भाग प्रयोग में आता हैं। - अ
  - **(iii) पश्चस्वर** – जिसमे जीभ का पश्च भाग प्रयोग में आता हैं । - आ, उ, ऊ, ओ, औ

| **वर्ण** | **उच्चारण स्थान** |
|---|---|
| अ, आ | कंठ |
| इ, ई | तालु |
| ऋ | मूर्धा |
| उ, ऊ | ओष्ठ |
| ए, ऐ | कंठ + तालव्य |
| ओ, औ | कंठ + ओष्ठ |

**महत्वपूर्ण तथ्य –**

- प्लुत स्वर वर्गीकरण का सर्वप्रथम साक्ष्य पाणिनि की अष्टाध्यायी रचना में मिलता है।
- दीर्घ स्वर को संयुक्त स्वर के नाम से जाना जाता है क्योंकि दीर्घ स्वरों की रचना प्राय दोनों स्वरों के मिलने से होती है

- सात दीर्घ स्वरों को भी दो भागों समानाक्षर स्वर, संधि स्वर के रूप में विभाजित किया जाता है

**समानाक्षर स्वर**

- ✓ आ – अ + अ
- ✓ ई – इ + इ
- ✓ ऊ – उ + उ

**संधि स्वर**

- ✓ ए – अ + इ
- ✓ ऐ – अ + ए
- ✓ औ – अ + ओ

- अंग्रेज़ी से गृहित स्वर – ऑ (डॉक्टर, कॉलेज)

## व्यंजन

- स्वरों की सहायता से बोली जाने वाली ध्वनियों को ही व्यंजन कहा जाता है।
- जब हम क बोलते हैं तब उसमें क् + अ मिला होता है। इसी प्रकार प्रत्येक व्यंजन स्वर की सहायता से ही बोला जाता है।
- व्यंजन अस्वतंत्र एवं अपूर्ण होते हैं।
- व्यंजन को **मूलतः 3 भागों** में बांटा जा सकता है।

**व्यंजन के मूलत: तीन प्रकार हैं**

- **स्पर्श - संख्या : 25**
- **अंत:स्थ - संख्या : 4**
- **ऊष्म - संख्या : 4**

## उच्चारण के आधार पर व्यंजनों को आठ भागों में बांटा गया है है:

1. **स्पर्शी** : ऐसे व्यंजन जिनके उच्चारण में फेफड़ों सद्वारा छोड़ी गयी वाली हवा वाग्यंत्र के किसी अवयव का स्पर्श करके बाहर निकलती है, स्पर्शी व्यंजन कहलाते हैं। जैसे – क् ख् ग् घ्, ट्, ठ ड ढ़, त्, थ् ध, प् फ् ब् भ्
2. **संघर्षी :** ऐसे व्यंजन जिनके उच्चारण में दो उच्चारण अवयव इतनी निकटता पर आ जाते हैं कि बीच का मार्ग छोटा हो जाता है तब वायु उनसे घर्षण/संघर्ष करती हुई बाहर निकलती है, संघर्षी व्यंजन कहलाते हैं। जैसे - श, ष्, स्, ह, ख्, ज, फ्
3. **स्पर्श संघर्षी :** ऐसे व्यंजन जिनके उच्चारण में स्पर्श का समय अपेक्षाकृत अधिक होता है और उच्चारण के बाद वाला भाग संघर्षी हो जाता है, वे स्पर्श संघर्षी व्यंजन कहलाते हैं। जैसे - च्, छ, ज्, झ्।
4. **नासिक्य :** जिनके उच्चारण में हवा का प्रमुख अंश नाक से निकलता है। जैसे - ङ्, ञ, ण, न, म्।
5. **पार्श्विक :** जिनके उच्चारण में जिह्वा का अगला भाग मसूड़े को छूता है और वायु पार्श्व आस-पास से निकल जाती है, वे पार्श्विक हैं - जैसे - 'ल्'।

6. **प्रकम्पित :** ऐसे व्यंजन जिनके उच्चारण में जिह्वा दो-तीन बार कंपन करती है, वे प्रकंपित व्यंजन कहलाते हैं। जैसे- 'र'

7. **उत्क्षिप्त :** जिन व्यंजनों के उच्चारण में जिह्वा की नोक झटके से ऊपर उठकर नीचे गिरती है तो वह उत्क्षिप्त ध्वनि कहलाती है। जैसे - ड़, ढ़

8. **संघर्ष हीन :** जिन ध्वनियों के उच्चारण में हवा बिना किसी संघर्ष या अवरोध के बाहर निकलती है वे संघर्षहीन ध्वनियाँ कहलाती हैं। जैसे-य, व। इनके उच्चारण में स्वरों से मिलता जुलता प्रयत्न करना पड़ता है, इसलिए इन्हें अर्धस्वर भी कहते हैं।

| **वर्ग** | **स्पर्श वर्ण** | | | | | **उच्चारण स्थान** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क वर्ग | क | ख | ग | घ | ङ | कंठ |
| च वर्ग | च | छ | ज | झ | ञ | तालु |
| ट वर्ग | ट | ठ | ड | ढ | ण | मूर्धा |
| त वर्ग | त | थ | द | ध | न | दंत |
| प वर्ग | प | फ | ब | भ | म | ओष्ठ |
| प्राण | अल्पप्राण | महाप्राण | अल्पप्राण | महाप्राण | अल्पप्राण | |
| | अघोष | अघोष | सघोष | सघोष | सघोष | घोष |

| **व्यंजन प्रकार** | **वर्ण** | **उच्चारण स्थान** |
|---|---|---|
| **अंत:स्थ व्यंजन** | य | तालु |
| | र | दंत |
| | ल | दंत |
| | व | दंत + ओष्ठ |
| **ऊष्म व्यंजन** | श | तालु |
| | ष | मूर्धा |
| | स | दंत |
| | ह | कंठ |

## संयुक्त व्यंजन

- हिन्दी में तीन संयुक्त व्यंजन होते हैं। ये दो व्यंजनों के मेल से बने होते हैं।

| |
|---|
| क्ष = क् + ष् |
| त्र = त् + र् + अ |
| ज्ञ = ज् + ञ् + अ |
| श्र = श् + र् + अ |

## अयोगवाह

- वे वर्ण जो न तो स्वर होते है और न ही व्यंजन होते है उन्हें अयोगवाह (अं अः) कहा जाता है।
- अं को अनुस्वार (नाक), अँ को अनुनासिक (नाक मुख) और अः को विसर्ग (कंठ) कहा जाता है ।

## वर्णों का उच्चारण स्थान

| **क्र. सं.** | **वर्ण** | **उच्चारण स्थान** | **उच्चारण ध्वनि** |
|---|---|---|---|
| 1 | क वर्ग, अ, आ और विसर्ग | कंठ कोमल तालु | कंठ्य |
| 2 | च वर्ग, इ, ई, य, श | तालु | तालव्य |
| 3 | ट वर्ग, ऋ, र, ष | मूर्द्धा | मूर्द्धन्य |
| 4 | त वर्ग, लृ, ल, स | दन्त | दन्त्य |
| 5 | प वर्ग, उ, ऊ, | ओष्ठ | ओष्ठ्य |
| 6 | अ, ङ, ञ, ण, न्, म् | नासिका | नासिक्य |
| 7 | ए ऐ | कंठ तालु | कंठ - तालव्य |
| 8 | ओ, औ | कंठ ओष्ठ | कठोष्ठ्य |
| 9 | व | दन्त ओष्ठ | दन्तोष्ठ्य |
| 10 | ह | स्वर यन्त्र | अलिजिह्वा |

**महत्वपूर्ण तथ्य –**

- हिंदी वर्णमाला में कुछ व्यंजन शब्दों के नीचे नुक्ता (बिंदु) का प्रयोग किया जाता है जिन्हें आगत / गृहीत व्यंजन कहा जाता है।

- आगत व्यंजनों की कुल संख्या 05 होती है

  क़ – क़रीब

  ख़ – ख़राब

  ग़ – ग़म

  ज़ – ज़रा

  फ़ – फ़न (अंग्रेज़ी)
- नुक्ता / आगत व्यंजनों का आगमन अरबी/फ़ारसी, अंग्रेज़ी भाषा से हुआ है।
- नुक्ता व्यंजन की शुरुआत का श्रेय हिंदी विद्वान "विप्रसाद सितारे हिन्द" को जाता है।

**परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण तथ्य**

- हिंदी वर्णमाला में अं (अनुस्वार), अ: (विसर्ग) ध्वनियाँ हैं को अयोगवाह वर्ण कहा जाता है क्योंकि इन वर्णों को न तो स्वर में जोड़ा जाता है न ही व्यंजन में
- अनुस्वार (अं) व विसर्ग (अ:) को अयोगवाह नाम देने का श्रेय किशोरी दास वाजपेयी को जाता है
- तालु उच्चारण स्थान पर आने वाले वर्णों को कोमल तालव्य व कठोर तालव्य के रूप में दो भागों में विभाजित किया गया है
- वर्त्स वर्णों में न, ल, स को शामिल किया गया है इनकी कुल संख्या 4 होती है
  1. जिह्वा
  2. अधरोष्ठ (नीचे का होठ)
  3. स्वर तंत्रियाँ
  4. कोमल तालु
- काकल वर्ण के अंतर्गत विसर्ग (:) को शामिल किया गया है
- **रकार / रेफ या र सम्बंधित नियम**

  **(i) नियम 1:** यदि र के बाद व्यंजन आए तो र को उसी व्यंजन वर्ण के के उपर लिखते हैं अर्थात् जिस व्यंजन वर्ण से पहले र का उच्चारण किया जाता है, र को उसी व्यंजनवर्ण के ऊपर लिखा जाता है

  जैसे – कर्म, धर्म, स्वर्ग, पुनर्जन्म आदि

  **(ii) नियम 2:** यदि र से पहले व्यंजन वर्ण आये तो र को उसी व्यंजन वर्ण के मध्य में लिखा जाता है

  जैसे – प्रकाश, भ्रष्ट, प्रभात, प्रेम, क्रम आदि
- **उत्क्षिप्त वर्ण का नियम**
  - ✓ **नियम 1 :** यदि शब्द की शुरुआत उत्क्षिप्त वर्णों से हो तो लिखते समय इनके नीचे बिंदु नहीं आती है

    जैसे – डमरू, ढोलक, डलिया आदि
  - ✓ **नियम 2:** यदि शब्द के अंतर्गत इनसे पहले आधा वर्ण आता है तो भी लिखते समय इनके नीचे बिंदु नहीं आती है

    जैसे – पण्डित, बुड्ढा, खण्ड, मण्डल आदि

    नोट – उपर्युक्त दोनों नियमों के अलावा प्रत्येक स्थिति में इनके नीचे बिंदु आती है जैसे – लड़ाई, सड़क,पकड़ना, पढ़ाई आदि

# 2 CHAPTER संज्ञा

- वे विकारी शब्द जो किसी प्राणी, वस्तु, स्थान, भाव, अवस्था, गुण या दशा के नाम का बोध करते हों संज्ञा कहलाते हैं।
- संज्ञा शब्द दो शब्दों **सम् + ज्ञा** से मिलकर बना है अर्थात् वह प्रत्येक वस्तु (सजीव या निर्जीव) जिसका कोई नाम है वह संज्ञा है।

## संज्ञा के प्रकार

- संज्ञा के मूलत: 3 भेद /प्रकार हैं। जो व्युत्पत्ति के आधार पर हैं। परन्तु दो अन्य भेद अर्थ के आधार पर भी माने गए है।




## व्युत्पत्ति के आधार पर संज्ञा के प्रकार

1. **व्यक्तिवाचक संज्ञा :** जिन संज्ञा शब्दों से किसी एक विशेष व्यक्ति, वस्तु अथवा स्थान के नाम का बोध हो, उन्हें **'व्यक्तिवाचक संज्ञा'** कहते हैं।

   **उदाहरण :** अभिषेक, जयपुर, रमा, रहीम , अरावली ,समुद्रगुप्त, गंगा, कामायनी, सुशील आदि।

2. **जातिवाचक संज्ञा :** जिन संज्ञा शब्दों से एक ही प्रकार की सम्पूर्ण जाति, वर्ग अथवा समुदाय का बोध हो, उन्हें **'जातिवाचक संज्ञा'** कहते हैं। इसमे मुख्यत: समूहवाचक शब्द आते हैं ।

   **उदाहरण :** पुरुष, शहर, पशु, मुनष्य, सेना, पर्वत, सभा, गाय, डॉक्टर , नगर , बालक, लडकी, आदमी, दोस्त, पुस्तक , पहाड़ , लड़का, जुलाहा, मंत्री, बहन, लेखक आदि।

3. **भाववाचक संज्ञा :** जिन संज्ञा शब्दों सें प्राणियों और वस्तुओं के गुण-दोष, धर्म, अवस्था, भाव और व्यापार आदि का बोध हो, उन्हें **'भाववाचक संज्ञा'** कहते है।

   **उदाहरण :** अच्छाई, मिठास, गर्मी, बुढ़ापा, सुन्दरता, नारीत्व, चतुरता, बचपन, दाम, क्रोध, गर्व, दौड़, अनुशासन इत्यादि ।

## भाववाचक संज्ञा का निर्माण

- भाववाचक संज्ञा का निर्माण 5 प्रकार से किया जा सकता है।

1. **जातिवाचक संज्ञा से भाववाचक संज्ञा**
   - (i) **'ता' प्रत्यय:** मानव-मानवता, मित्र-मित्रता, प्रभु-प्रभुता, पशु-पशुता।
   - (ii) **त्व प्रत्यय :** पशु-पशुत्व, मनुष्य-मनुष्यत्व, कवि-कवित्व, गुरु-गुरुत्व।
   - (iii) **पन :** लड़का-लड़कपन, बच्चा-बचपन ।
   - (iv) **अ :** शिशु-शैशव, गुरु-गौरव, विभु-वैभव।
   - (v) **इ :** भक्त-भक्ति ।
   - (vi) **ई :** नौकर-नौकरी, चोर-चोरी।
   - (vii) **आपा :** बूढ़ा-बुढ़ापा, बहन-बहनापा।
2. **सर्वनाम से भाववाचक संज्ञा :**
   - (i) **त्व : अपना -** अपनत्व, निज निजत्व, स्व-स्वत्व ।
   - (ii) **पन : अपना -** अपनापन, पराया-परायापन ।
   - (iii) **कार : अहं** - अहंकार।
   - (iv) **स्व: सर्व** - सर्वस्व ।
3. **विशेषण से भाववाचक संज्ञा :**
   - (i) **आई :** साफ-सफाई, अच्छा अच्छाई, बुरा-बुराई।
   - (ii) **आस :** खट्टा-खटास, मीठा-मिठास ।
   - (iii) **ता :** उदार-उदारता, वीर वीरता, सरल-सरलता ।
   - (iv) **य :** मधुर -माधुर्य, सुन्दर-सौन्दर्य, स्वस्थ-स्वास्थ्
   - (v) **पन :** खट्टा- खट्टापन, पीला-पीलापन।
   - (vi) **त्व :** वीर -वीरत्व।
   - (vii) **ई :** लाल लाली।

**4. क्रिया से भाव-वाचक संज्ञा :**

(i) **अ**: खेलना-खेल, लूटना लूट, जीतना-जीत।

(ii) **ई:** हँसना-हँसी।

(iii) **आई:** चढ़ना चढ़ाई, पढ़ना-पढ़ाई, लिखना-लिखाई।

(iv) **आवट:** आवट-बनाना-बनावट, थकना-थकावट, लिखना-लिखावट।

(v) **आव :** चुनना-चुनाव।

(vi) **आहट:** घबराना-घबराहट, गुनगुनाना-गुनगुनाहट ।

(vii) **उडना** : उड़ान।

(viii) **न** : लेना-देना लेन-देन, खाना-खान।

**5. अव्यय से भाववाचक संज्ञा**

(i) **ई :** भीतर-भीतरी, ऊपर, ऊपरी दूर-दूरी।

(ii) **य :** समीप सामीप्य ।

(iii) **इक :** परस्पर -पारस्परिक, व्यवहार - व्यावहारिक ।

(iv) **ता :** निकट निकटता, शीघ्र शीघ्रता।

## अर्थ के आधार पर संज्ञा के प्रकार

1. **समूहवाचक संज्ञा :** जिस संज्ञा शब्द से किसी समूह या समुदाय का बोध होता है, उसे **समूहवाचक संज्ञा** कहते हैं। जैसे – सभा, परिवार, कक्षा, दल, गिरोह, संघ, गुच्छा, पुंज, ढेर।

2. **द्रव्य वाचक संज्ञा:** जिन संज्ञा शब्दों से किसी ऐसे पदार्थ या द्रव्य का बोध होता है जिसे हम नाप – तौल सकते हैं लेकिन गिन नहीं सकते उन्हें द्रव्य वाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे – दूध, पानी, पेट्रोल, सोना, लोहा, कोयला, लकड़ी, कागज, चीनी, आटा, घास।


**क्या आप जानते हैं?**

- जब कभी द्रव्यमान संज्ञा शब्द बहुवचन के रूप में द्रव्य के प्रकारों का बोध कराता है।, तब वह जातिवाचक संज्ञा बन जाता है। जैसे - यह फर्नीचर कई प्रकार के लकड़ियों से बना है।
- जब समूहवाचक संज्ञा बहुत सी समूह ईकाइयों को प्रकट करता है, तब बहुवचन में प्रयुक्त होता है। जैसे दोनों सेनाएँ आपस में जमकर लड़ी।
- जब कभी भाववाचक संज्ञा शब्द बहुवचन में प्रयुक्त होते है, तब वे जातिवाचक संज्ञा बन जाते है। जैसे बुराईयों से बचकर रहो।
- कुछ भाववाचक शब्द मूल शब्द है। जैसे प्रेम, घृणा, क्रोध आदि।
- अधिकांश भाववाचक शब्द यौगिक होते है -गरीब-गरीबी। लड़का-लड़कपन
- भावचावक संज्ञाएँ जातिवाचक संज्ञा, व्यक्तिवाचक संज्ञा, विशेषण, सर्वनाम, अव्यय और क्रिया शब्दों के अंत में त्व, ता, वन, पा, आस, आई, वट, हट इत्यादि प्रत्यय लगाकर बनाई जाती है। जैसे मित्र-मित्रता, अपना-अपनत्व, लम्बा-लम्बाई आदि।

Unleash the topper in you

# 3 CHAPTER सर्वनाम

- संज्ञा शब्दों के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं।
- भाषा में सौन्दर्य, संक्षिप्तता, सरलता एवं पुनरुक्ति दोष से बचने व दूर करने के लिए संज्ञा के स्थान पर सर्वनाम शब्द का प्रयोग किया जाता है।
- सर्वनाम का शाब्दिक अर्थ है 'सब का नाम'। इससे वाक्य सहज एवं सरल हो जाता है।




**1. पुरुष वाचक सर्वनाम** – जिन शब्दों का प्रयोग कहने वाले (वक्ता), सुनने वाले (श्रोता) व अन्य जिसके विषय में कहा जाए के स्थान पर किया जाता है, उन्हें पुरुष वाचक सर्वनाम कहते हैं।

**पुरुष वाचक सर्वनाम तीन प्रकार के होते हैं :**

| पुरुष वाचक सर्वनाम | | |
|---|---|---|
| **उत्तम पुरुष** | **मध्यम पुरुष** | **अन्य पुरुष** |
| वे सर्वनाम शब्द जिनका प्रयोग बोलने वाला व्यक्ति स्वयं के लिए करता है। | वे सर्वनाम शब्द जो श्रोता को संबोधित करने में प्रयोग किये जाए ये सर्वनाम शब्द सुनने वाले के लिए प्रयुक्त किये जाते हैं। | बोलने व सुनने वाले व्यक्ति के द्वारा किसी अन्य के बारे में बात की जाए या कुछ लिखा जाए, उनके नाम के बदले में प्रयुक्त होनेवाले सर्वनाम अन्य पुरुष सर्वनाम कहलाते हैं। |
| मैं, हम, मुझे, मेरा, हमारा, हमें आदि। | तू, तुम, तुझे तुम्हें तेरा, आप, आपका, आपको आदि। | वह, वे, उन्हें, उसे, इसे, उसका इसका आदि। |

**2. निश्चयवाचक सर्वनाम** – जो सर्वनाम निकटस्थ अथवा दूरस्थ व्यक्ति या पदार्थ की ओर निश्चित संकेत करते हैं, उन्हें निश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं।

✓ इसके मुख्य दो प्रयोग हैं :

I. **निकट की वस्तुओं के लिए -** यह, ये।

II. **दूर की वस्तुओं के लिए** - वह, वे।

**3. अनिश्चयवाचक सर्वनाम** – जिस सर्वनाम से किसी ऐसे व्यक्ति या पदार्थ का बोध होता हो जिसके विषय में निश्चित सूचना नहीं मिलती तथा अनिश्चितता की स्थिति बनी रहती है, उसे अनिश्चय वाचक सर्वनाम कहते हैं।

**जैसे -** कुछ, कोई।

✓ **'कोई'** सर्वनाम का प्रयोग प्रायः प्राणी वाचक सर्वनाम के लिए होता है, जैसे - कोई उसे बुला रहा है।

✓ **'कुछ'** सर्वनाम का प्रयोग वस्तु के लिए होता है, जैसे - पानी में कुछ है, घी में कुछ मिला है।

**4. संबंधवाचक सर्वनाम** – दो उप वाक्यों के बीच में प्रयुक्त होकर एक उप वाक्य की संज्ञा या सर्वनाम का संबंध दूसरे उप वाक्य के साथ दर्शाने वाला सर्वनाम संबंधवाचक सर्वनाम कहलाता है, अर्थात् दो पृथक – पृथक बातों के मध्य सम्बन्ध व्यक्त करने वाले शब्दों को संबंधवाचक सर्वनाम कहा जाता है जैसे - जो, जिसे, जिसका, जिसको।

**उदाहरणार्थ** – जो सोएगा, सो खोएगा।
जिसकी लाठी उसकी भैंस।
जो सत्य बोलता है, वह नहीं डरता।

5. **प्रश्नवाचक सर्वनाम** – ऐसे सर्वनाम शब्द जिनका प्रयोग प्रश्न पूछने के लिए होता है, उसे प्रश्नवाचक सर्वनाम कहते हैं।

**जैसे-** क्या, किससे, कौन।

**उदाहरणार्थ** – वहाँ दरवाजे पर कौन खड़ा है?
कल तुम किससे बात कर रहे थे?
आज तुम्हें क्या चाहिए?

6. **निज वाचक सर्वनाम** – ऐसे सर्वनाम शब्द जिनका प्रयोग वक्ता या लेखक (स्वयं) अपने लिए करते हैं, निज वाचक कहलाते हैं।

**जैसे -** आप, अपना, स्वयं, खुद आदि।

**उदाहरणार्थ** – मैं अपनी पुस्तक पढ़ रहा हूँ।
आप अपने घर कब जा रहे हैं?
मैं अपना खाना बना रहा हूँ।

## सर्वनाम शब्दों के प्रयोग सम्बन्धी निर्देश

- सर्वनामों का रूप परिवर्तन पुरुष, वचन तथा कारक के अनुसार ही होता है, लिंग भेद के आधार पर नहीं।
- उत्तम पुरुष और मध्यम पुरुष बहुवचन रूप वाले सर्वनाम एक व्यक्ति के लिए भी प्रयोग किए जाते हैं, जैसे - मैं आऊँगा अर्थात् हम आएंगे। तू जाएगा अर्थात् तुम जाओगे।
- अन्य पुरुष वाचक बहुवचन रूप का आदर सूचक होने के कारण एक व्यक्ति के लिए प्रयोग किया जाता है, जैसे - गाँधी जी सत्य और अहिंसा के पुजारी थे। वे कई साल दिल्ली में रहे। या आप कई साल दिल्ली में रहे।
- संज्ञा में विभक्ति उसके साथ नहीं जुड़ती, जबकि सर्वनामों में विभक्तियाँ उन्हीं के साथ जुड़ी रहती हैं, जैसे - उसने, उसको, जिसका, इत्यादि । जैसे –
  - ✓ संज्ञा - राधा ने
  - ✓ सर्वनाम - उसने
- अभिमान व्यक्त करने या अधिकार व्यक्त करने के लिए भी 'मैं' के स्थान पर 'हम' अथवा 'हमारा' का प्रयोग किया जाता है, जैसे-
  - ✓ 'हम' कभी भी किसी से हारे नहीं। (अभिमान)
  - ✓ हमारा यह काम तुम्हें जरूर करना है। (अधिकार)
- अनिश्चय वाचक सर्वनाम 'कुछ' (एकवचन) संख्या एवं परिणाम दोनों का बोध कराते हैं, जैसे-
  - ✓ आपके यहाँ लहसुन होता है, कुछ हमारे यहाँ भी भेज दिया कीजिए। (परिणाम वाचक)
  - ✓ आपके घर इतने अतिथि आए हैं, कुछ को हमारे यहाँ भेज दीजिए। (संख्यावाचक)
- प्रश्नवाचक सर्वनाम 'कौन' का प्रयोग मनुष्यों तथा क्या का प्रयोग कीट-पतंगों, पशुओं और जड़ पदार्थों के लिए होता है, जैसे - अन्दर कौन बैठा है? इस डिब्बे में क्या है?
- **'कुछ'** और **'कोई'** का बहुवचन रूप कुछ और किन्हीं होता है। निर्जीव वस्तुओं और कीड़े-मकोड़ों के लिए **'कुछ'** का प्रयोग होता है। सजीव वस्तुओं के लिए **'कोई'** और **'किन्हीं'** शब्दों का प्रयोग होता है।
- प्रायः सभी सर्वनाम रूपों के साथ 'ही' अव्यय जोड़ा जा सकता है।

**सर्वनाम पदबंध**

- जो पदबंध वाक्य में सर्वनाम पदों का कार्य करते है,उन्हे सर्वनाम पदबंध कहते है।

  जैसे -
  - ✓ **चोट खाए तुम** भला क्या खेलेगो।
  - ✓ **मेरे रिश्तेदार में से** कोई समय पर नहीं पहुँचा।

# 4 CHAPTER विशेषण


- वे शब्द, जो किसी संज्ञा या सर्वनाम शब्द की विशेषता बतलाते हैं, उन्हें **विशेषण** कहते हैं।
- अत: विशेषता बताने वाले शब्दों को **'विशेषण'** कहा जाता है तथा विशेषण जिस संज्ञा या सर्वनाम शब्द की विशेषता बताता है उसे **'विशेष्य'** कहते हैं।

## विशेषण के कार्य

विशेषण के निम्नलिखित प्रमुख कार्य है -

- **विशेषण, संज्ञा और सर्वनाम के गुण-दोष को बतलाता है। जैसे -**
  - ✓ राधा पढ़ने में तेज है। (गुण का बोध)
  - ✓ लेकिन, वह डरपोक है। (दोष का बोध)
- **यह संज्ञा और सर्वनाम की निश्चित संख्या या परिमाण बतलाता है। जैसे -**
  - ✓ दो लड़कें आये थे। (निश्चित संख्या का बोध)
  - ✓ दो लिटर दूध दो। (निश्चित परिमाण का बोध)
- **यह संज्ञा और सर्वनाम की अनिश्चित संख्या या परिमाण बतलाता है। जैसे -**
  - ✓ कुछ लड़कियाँ आयी हैं। (अनिश्चित संख्या का बोध)
  - ✓ अधिक भोजन मत करो। (अनिश्चित परिमाण का बोध)
- **यह संज्ञा और सर्वनाम के क्षेत्र को सीमित करता है। जैसे -**
  - ✓ लाल रूमाल लाओ। (सिर्फ लाल - काला, पीला नहीं)
  - ✓ उस कुत्ते को खिलाओ। (किसी खास कुत्ते को, दूसरे को नहीं)
- **यह संज्ञा और सर्वनाम की दशा, अवस्था आदि बतलाता है। जैसे-**
  - ✓ तुम बीमार हो। (दशा का बोध)
  - ✓ मैं जवान हूँ। (अवस्था का बोध)

## विशेषण के प्रकार




**नोट :** विशेषण के प्रकारों में विद्वानों में मतभेद रहता हैं, कुछ जगह विशेषण के पाँच प्रकार बताएँ गए हैं और कुछ जगह पर 04 प्रकार बताएँ गए हैं । **एनसीईआरटी के** आधार पर विशेषण के 04 प्रकार होते हैं – गुणवाचक, संख्यावाचक, परिणामवाचक, सर्वनामिक विशेषण । **राजस्थान शिक्षा बोर्ड** की पुस्तकों में विशेषण के 05 प्रकार बताएं गए हैं ।

1. **गुणवाचक विशेषण :** किसी संज्ञा या सर्वनाम के गुण, दोष, रूप, रंग, आकार, स्वभाव, दशा आदि का बोध कराने वाले शब्द गुणवाचक विशेषण कहलाते हैं।

   **जैसे-** काला, पुराना, भला, छोटा, मीठा, देशी, पापी, धार्मिक आदि।
2. **संख्यावाचक विशेषण** : किसी संज्ञा या सर्वनाम की निश्चित, अनिश्चित संख्या, क्रम या गणना का बोध कराने वाले शब्दों को संख्यावाचक विशेषण कहते हैं।

**संख्या वाचक विशेषण**

**निश्चित संख्या वाचक विशेषण**

जिस विशेषण शब्द से निश्चित संख्या का बोध होता है, निश्चित संख्यावाचक विशेषण कहलाता है।

| गणनावाचक | क्रमवाचक | आवृत्तिवाचक | समुदाय वाचक |
|---|---|---|---|
| एक, दो, तीन | पहला, दूसरा | दुगुना, चौगुना | दोनों, तीनों, चारों |

**अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण**

जिस विशेषण शब्द से अनिश्चित संख्या का बोध हो, अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण कहलाता है।

कई, सब, कुछ, अनेक आदि।

3. **परिमाण वाचक विशेषण** : वे विशेषण, जो किसी पदार्थ की निश्चित या अनिश्चित मात्रा, परिमाण, नाप या तौल आदि का बोध कराते है, उन्हें परिमाण वाचक विशेषण कहते हैं।
   - ✓ **इसके दो उपभेद किए जा होते हैं**
     - **निश्चित परिमाण वाचक** – दो मीटर, पाँच किलो, सात लीटर।
     - **अनिश्चित परिमाण वाचक** – थोड़ा, बहुत, कम, ज्यादा, अधिक, जरा-सा, सब आदि।
4. **संकेतवाचक विशेषण** : वे शब्द जो सर्वनाम हैं किन्तु विशेषण के रूप में प्रयुक्त होकर किसी संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं, उन्हें संकेतवाचक या सार्वनामिक विशेषण कहते हैं।
   जैसे
   (i) इस गेंद को मत फेंको।
   (ii) उस पुस्तक को पढ़ो।
   (iii) वह कौन गा रही है?
   वाक्यों में 'इस', उस, वह आदि शब्द संकेतवाचक विशेषण हैं।
5. **व्यक्तिवाचक विशेषण :** वे शब्द, जो मूल रूप से व्यक्तिवाचक संज्ञाओं से बनकर अन्य संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बतलाते हैं उन्हें व्यक्तिवाचक विशेषण कहते हैं। **जैसे** – जोधपुरी जूती, बनारसी साड़ी, कश्मीरी सेब, बीकानेरी भुजिए। वाक्यों में जोधपुरी, बनारसी, कश्मीरी, बीकानेरी शब्द व्यक्तिवाचक विशेषण है।

**विशेष :** कतिपय विद्वान् एक और प्रकार – 'विभाग वाचक विशेषण' का भी उल्लेख करते हैं। जैसे- प्रत्येक हर एक आदि।

## प्रविशेषण

- ऐसे शब्द जो विशेषण की विशेषता बतलाते हैं, प्रविशेषण कहलाते हैं ।
- प्रविशेषण सामान्यतः विशेषण के गुणों में वृद्धि लाता है।
  **जैसे** : थोड़ा, बहुत, अति, अत्यंत, अधिक, अत्यधिक, बड़ा, बेहद, महा, घोर, ठीक, बिल्कुल, लगभग आदि।

| | |
|---|---|
| दूध मीठा है। | मीठा - संज्ञा की विशेषता = विशेषण |
| दूध थोड़ा मीठा है | थोड़ा - विशेषण की विशेषता = प्रविशेषण |
| वह पाँच बजे आएगा। | पाँच - संज्ञा की विशेषता = विशेषण |
| वह ठीक पाँच बजे आएगा। | ठीक - विशेषण की विशेषता = प्रविशेषण |
| स्पष्ट है कि उपर्युक्त वाक्यों में प्रयुक्त 'थोड़ा' एवं 'ठीक' शब्द प्रविशेषण हैं, क्योंकि ये विशेषण की विशेषता बतलाते हैं। | |

## विशेषण की रचना

- कुछ शब्द मूल रूप में विशेषण ही होते हैं किंतु कुछ संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया या अव्यय शब्दों के साथ प्रत्यय जोड़कर विशेषण बनाए जाते हैं, जैसे-

| | | |
|---|---|---|
| **संज्ञा से विशेषण** | **संज्ञा + प्रत्यय = विशेषण** | रंग + ईन = रंगीन<br>राष्ट्र + ईय = राष्ट्रीय |
| **सर्वनाम से विशेषण** | **सर्वनाम + प्रत्यय = विशेषण** | मैं + एरा = मेरा<br>तुम + हारा = तुम्हारा |
| **क्रिया से विशेषण** | **क्रिया + प्रत्यय = विशेषण** | वंदन + ईय = वंदनीय<br>लूट + एरा = लुटेरा |
| **अव्यय से विशेषण** | **अव्यय + प्रत्यय = विशेषण** | बाहर + ई = बाहरी<br>पीछे + ला = पिछला |

Unleash the topper in you

## विशेषण की अवस्थाएँ

- विशेषण की तुलनात्मक स्थिति को अवस्था कहते हैं। अवस्था के तीन प्रकार माने गये हैं-
  1. **मूलावस्था** – वह अवस्था जिसमें किसी संज्ञा या सर्वनाम की सामान्य स्थिति का बोध होता है।
     **जैसे-** रहीम अच्छा लडका है।
  2. **उत्तरावस्था** – वह अवस्था जिसमें दो संज्ञा या सर्वनाम की तुलना की जाती है।
     **जैसे-** अशोक रहीम से अच्छा है। या प्रशान्त अभिषेक से श्रेष्ठतर है।
  3. **उत्तमावस्था** – जिसमें दो से अधिक संज्ञा या सर्वनामों की तुलना करके, एक को सबसे अच्छा या बुरा बतलाया जाता है वहाँ उत्तमावस्था होती है।
     **जैसे -** अकबर सबसे अच्छा है। रजिया कक्षामें श्रेष्ठत्तम छात्रा है।

### अवस्था परिवर्तन:

- मूलावस्था के शब्दों में 'तर' तथा तम प्रत्यय लगा कर या शब्द के पूर्व से अधिक, या सबसे अधिक शब्दों का प्रयोग कर क्रमश: उत्तरावस्था एवं उत्तमावस्था में प्रयुक्त किया जाता है, जैसे –

| मूलावस्था | उत्तरावस्था | उत्तमावस्था |
|---|---|---|
| उच्च | उच्चतर | उच्चतम |
| श्रेष्ठ | श्रेष्ठतर | श्रेष्ठतम |
| तीव्र | तीव्रतर | तीव्रतम |
| अच्छा | से अच्छा | सबसे अच्छा |
| ऊँचा | से अधिक ऊँचा | सबसे ऊँचा |

## विशेष्य - विशेषण और विधेय-विशेषण

- प्रयोग की दृष्टि से विशेषण के दो भेद है
  1. विशेष्य-विशेषण और
  2. विधेय-विशेषण
- **विशेष्य (संज्ञा/सर्वनाम)** के पहले आए विशेषण को **विशेष्य-विशेषण** तथा विशेष्य के बाद आए विशेषण को **विधेय-विशेषण** कहते हैं। जैसे-
  - ✓ वह लम्बा लड़का है। (लम्बा विशेष्य-विशेषण)
  - ✓ वह लड़का लम्बा है। (लम्बा विधेय-विशेषण)

  **नोट - यहाँ दो बातें ध्यान देने योग्य हैं**

1. **विशेषण के लिंग एवं वचन विशेष्य के लिंग एवं वचन के अनुसार होते हैं, चाहे विशेषण विशेष्य के पहले आए या बाद में। जैसे -**
   - ✓ वह अच्छा लड़का है। (अच्छा, लड़का - दोनों एकवचन, पुलिंग)
   - ✓ वह लड़का अच्छा है। (लड़का, अच्छा - दोनों एकवचन, पुलिंग)
   - ✓ वह अच्छी लड़की है। (अच्छी, लड़की - दोनों एकवचन, स्त्रीलिंग)
   - ✓ वे अच्छे लड़के हैं। (अच्छे, लड़के - दोनों बहुवचन, पुलिंग)

   स्पष्ट है कि विशेषण के लिंग एवं वचन, विशेष्य के लिंग एवं वचन के अनुसार आये हैं।
2. **अगर एक ही विशेषण के अनेक विशेष्य हों, तो विशेषण के लिंग और वचन प्रथम विशेष्य के लिंग और वचन के अनुसार होंगे। जैसे -**
   - ✓ उजला कुरता, टोपी और जूते लाओ। (प्रथम विशेष्य कुरता - पुंलिंग, अतः - उजला)
   - ✓ उजली टोपी, कुरता और जूते लाओ। (प्रथम विशेष्य टोपी - स्त्रीलिंग, अतः - उजली)
   - ✓ उजले जूते, कुरता और टोपी लाओ। (प्रथम विशेष्य जूते - एकारांत पुंलिंग, अतः - उजले)

   स्पष्ट है कि यहाँ एक विशेषण के अनेक विशेष्य हैं, लेकिन विशेषण के लिंग एवं वचन प्रथम विशेष्य के लिंग एवं वचन के अनुसार ही आये हैं।

## सरल वाक्यों में विशेषण के स्थान

- सरल वाक्यों में विशेषण प्रायः संज्ञा के पहले आता है। जैसे -
  - ✓ वह अच्छा लड़का है। (संज्ञा के पहले विशेषण)
  - ✓ वह अच्छी लड़की है। (संज्ञा के पहले विशेषण)
- सार्वनामिक विशेषण भी संज्ञा के पहले आता है। जैसे -
  - ✓ यह फूल देखो। (यह - विशेषण)
  - ✓ वह लड़का आया है (वह - विशेषण)
- सरल वाक्यों में संज्ञा या सर्वनाम के बाद भी विशेषण आता है। जैसे -
  - ✓ सोहन नटखट है। (संज्ञा के बाद विशेषण)
  - ✓ वह बदमाश कहाँ गया ? (सर्वनाम के बाद विशेषण)

# 20 CHAPTER

# Golden Rules of English Grammar

## NOUN

**Rule:1**

- कभी – कभी **Proper Noun** के पहले **"The"** का प्रयोग करके, उसे **Common noun** की तरह प्रयोग करते हैं ।

  **Example**

  ✓ Kalidas is **the Shakespeare** of India.

- कभी – कभी **proper noun** को भी **common Noun** की तरह प्रयोग करते हैं । उस समय **Proper Noun** एक **जाति या जाति के किसी व्यक्ति** को व्यक्त करता हैं ।

  **Example**

  ✓ There are five **Ram** in my Class.

- **Proper, Material** और **Abstract Noun** सदैव **एक वचन (Singular)** में होती हैं, परंतु जब इनका प्रयोग **बहुवचन (Plura)** की तरह होता हैं तो ये **Common Noun** बन जाती हैं ।

  **Example**

  ✓ **Simran** is the wife of Shivam. (Proper Noun)

**Rule 2:** सामान्यत: **Collective Noun** के साथ **singular verb** का प्रयोग होता हैं । इनके साथ **plural verb** का प्रयोग तभी करते हैं जब **प्रत्येक सदस्य** के बारें में बताया जाता हैं ।

**Example**

- The **crowd** of the migrant workers at the station for the Shramik Special is unforgettable.
- A **pride** of lions consists of related females, cubs, and a small number of adult males.

**Rule 3: कुछ Nouns का प्रयोग हमेशा Plural form में ही रहता है। इन Nouns के अन्त में लगे 's' को हटाकर, इन्हें Singular नहीं बनाया जा सकता है। ये दिखनें में भी Plural लगते हैं, एवं इनका प्रयोग भी Plural की तरह होता है।**

- **Words :** Alms, amends, annals, archives, ashes, arrears, athletics, auspices, caves, species, scissors, trousers, pants, clippers, bellows, gallows, fangs, eyeglasses, goggles, belongings, breeches, bowels, braces, binoculars, customs, congratulations, dregs, earnings, entrails, embers, fetters, fireworks, lodgings, lees, odds, outskirts, particulars, proceeds, proceedings, regards, riches, remains, savings, shambles, shears, spectacles, surroundings, tidings, troops, tactics, thanks, tongs, vegetables, valuables, wages, Bacteria etc.

  **Example**

  ✓ My father gave me a pair of binoculars on my birthday.

  ✓ Bacteria are single-celled organisms that can reproduce on their own.

**Rule 4: कुछ Nouns दिखने में Plural लगतें हैं लेकिन अर्थ में Singular होते हैं। इनका प्रयोग हमेशा Singular में ही होता है।**

- **Words:** News, Innings, Politics, Summons, Physics, Economics, Ethics, Mechanics, Mathematics, Mumps, Rickets, Billiards, Draughts, etc.

  **Example**

  ✓ The first innings of the match was very sensational.

**Rule 5: कुछ Nouns दिखने में Singular लगते हैं। लेकिन इनका प्रयोग हमेशा Plural में होता है।**

- **Words:** cattle clergy, cavalry, infantry, poultry, peasantry, children, gentry, police etc.

  **Example**

  ✓ Cattle have died when liquid manure stored in pits under slotted floors was agitated.

**Rule 6: कुछ Nouns का प्रयोग, केवल Singular form में ही किया जाता है। ये Uncountable Nouns हैं। इनके साथ Article A/An का प्रयोग भी नहीं किया जाता है।**

- **Words:** Scenery, Poetry, Furniture, Advice, Information, Hair, Language, Business, Mischief, Bread, Stationery, Crockery, Luggage, Baggage, Postage, Knowledge, Wastage, Money, Jewellery, Breakage, temper.

  **Example**
  - ✓ We need to buy new furniture for the office.
  - ✓ The scenery was so beautiful that John was mesmerized and captivated by all that he saw.
  - ✓ Dozens of lower courts have rejected cases pressed by Trump and his allies.

**Rule 7: कुछ Nouns, Plural एवं Singular दोनों में एक ही रूप में रहते हैं।**

- **Words:** deer, fish, crew, family, team, jury, carp, pike, trout, aircraft, counsel, committee etc.

  **Example**
  - ✓ The committee were split on whether the new regulations for the National Health Protection Scheme should be implemented.

**Rule 8: कुछ Nouns जो अर्थ में तो Plural होते हैं, लेकिन यदि इनके पूर्व कोई निश्चित संख्यात्मक विशेषण (Definite numeral adjective) का प्रयोग किया जाता है, तो इन Nouns को Pluralise नहीं किया जाता है।**

- **Words:** Pair, score, gross, stone, hundred, dozen, thousand, million, Billion etc.

  **Example**
  - ✓ Amount of less than a million rupees is required right now. Take the money to the bank and withdraw it.
  - ✓ His sons-in-law have enhanced his business within a short period.

**Rule 9: यदि किसी Noun के बाद Preposition आता है एवं फिर वही Noun आता है तो वह Noun Singular रहता है।**

**Example:**

a. **Town after town** was devastated.

b. **Row upon row** of pick marble looks beautiful.

c. He enquired from **door to door.**

d. **Ship after ship** is arriving.

| |
|---|
| **Note:** इस तरह के वाक्यों में Towns after Towns, Rows upon Rows, doors to doors या ships after ships लिखना गलत है। |

**Rule 10: किसी वाक्य में Numeral Adjective के बाद a half, या a quarter आता है तो Noun को Numeral Adjective के बाद रखा जाता है। एवं फिर a half या a quarter लिखा जाता है।**

Example:

a. He gave me one rupee and a half.

b. She gave me two rupees and a quarter.

| |
|---|
| **Notes:** यदि numeral adjective एवं fraction को and से जोड़ा गया हो एवं वाक्य में multiply के अर्थ में प्रयुक्त हो तो noun का प्रयोग Plural number में a half/ a quarter के बाद होगा। <br> **Example:** <br> a. Two and a quarter times. <br> b. One and a half times. <br> यहाँ वाक्य में multiply किया गया है। अतः Noun 'times' Plural में a quarter / a half के बाद प्रयुक्त हुआ है। |

**Rule 11: Hyphenated noun का प्रयोग कभी भी plural form में नहीं होता हैं ।**

**Example:**

a. He gave me two **hundred-rupee** notes.

b. He stays in **five- star** hotels. (stars को star में परिवर्तित करें)

**Rule 12: A set of/ a pair of/ a group of / each of/either of/ neither of के साथ Noun plural और helping verb singular उपयोग होती हैं।**

**Example:**

a. <u>**A set of**</u> proceeds was deposited in bank account.

b. <u>**A pair of**</u> shocks has bought by Ramesh.

c. <u>**Each of**</u> Students has solved this Questions.

**Rule 13: both of / all of + Noun plural + helping Plural**

**Example:**

a. <u>**All of**</u> students are thrown out in my class.

**Rule 14: Numeral + unit (singular) + Noun (singular)/ adjective**


**Numeral + unit (Plural) + adjective**

**Example:**

a. She saw <u>**a six foot**</u> snake.

b. He is <u>**six feet**</u> tall

**Rule 15:**




**Example:**

a. Ramesh spent ten rupees.

b. She sold two dozens.

c. We bought two dozen mangoes from the market.

**Rule 16: Unit (Plural) of noun (Plural) + plural helping verb**

**Example:**

a. Hundreds of shops are closed during riot.


b. Balloons filled with helium travel hundreds or even thousands of miles.

**Rule 17: more than one unit in sentence. We use unit in ascending order.**

**Example:**

a. Thousands of lakhs of student of student have given test.

**Rule 18:**




**Example:**

a. Two Spoonful

b. His sons-in-law have enhanced his business within a short period

**Rule 19:**




**Example:**

a. Ten miles needs to covered completely on foot.

b. Five thousands rupees were spent on foot and entertainment.

## PRONOUN

**Rule 1: किसी Sentence में verb के पहले आने वाला pronoun, Nominative case में और Pronoun का प्रयोग verb के बाद होता हैं तो वह objective Case का प्रयोग होता हैं ।**

**Structure:**

➢ Subjective / Nominative + Verb + Objective → I teach him → Active Voice

➢ Subjective/ Nominative + Verb + Objective → He is taught by me. → Passive Voice

**Example:**

a. The credit for organizing the successful event was given to both Neha and me.

b. She came home to meet my family and me.

**Rule 2: Singular Pronoun: यदि एक sentence में एक से अधिक pronoun का प्रयोग किया जाता हैं और तो और sentence से किसी बुरी बात का आभास न हो, उन्हे 231 क्रम (2nd person, 3rd Person, 1st Person) का प्रयोग होता हैं ।**

**Example**

✓ Sia and I spent a few magical minutes observing giraffes and elephants assembling at a watering hole.

✓ Mary and I will be going to the movies after we're done with the marathon.

**Rule 3: Plural Pronoun: जब किसी Sentence में एक से अधिक Pronoun का प्रयोग हो और वो Plural हो तो उन्हे 123 क्रम (1st Person, 2nd person, 3rd Person) का प्रयोग होता हैं ।**

**Example**

➢ You, she and I will be traveling by my car.

**Rule 4: यदि Sentence में कोई गलती का सन्दर्भ आए या कोई भूल या अपराध का जिक्र हो या वाक्य का भाव Positive नहीं हो तो Pronouns का क्रम 123 की तरह होना चाहिए।**

**Example**

➢ I and he will beg sorry for the misconduct.

**Rule 5: यदि sentence में एक से अधिक भिन्न – भिन्न persons के Pronounका प्रयोग होता हैं एवं उनके लिए एक ही Plural Pronoun का प्रयोग किया जाए तो**

➢ III + I Person → I Person Plural

➢ II + III Person → II Person Plural

➢ II + I Person → I Person Plural

**Example:**

a. **You** and **I** have done **our** job.

b. **You he** and **I** have completed **our** duty.

c. You and I have submitted our work on time.

**Rule 6: Collective Noun के साथ, Pronoun का प्रयोग उस स्थिति में Singular (and Neuter Gender) में होता है जब Collective Noun का प्रयोग एक Unit के रूप में हो, यदि Collective Noun का प्रयोग Unit की तरह न होकर, बिखरा (Divided or Separate) हुआ होता हैं तो Plural Pronoun का प्रयोग किया जाता है।**

**Example**

- Apart from Germany, they also visited Italy and Austria during **their** business trip.

**Rule 7: जब दो या दो से अधिक Pronoun, and के साथ जुड़े होते हैं तो Pronoun Plural होता हैं ।**

**Example:**

a. **Ram** and **Mohan** went to **their** school.

b. **Suresh** and **his family** members have completed **their** work.

**Rule 8: जब दो Singular Nouns, and से संयुक्त हों एवं दोनों के पूर्व Each या Every का प्रयोग हुआ हो तो Pronoun भी Singular होगा।**

**Example:**

a. **Each** officer and each clerk has joined **his** duty.

b. Every soldier and every officer was in his place.

**Rule 9: Each, Either एवं Neither के साथ हमेशा Singular Pronoun एवं Singular Verb का प्रयोग किया जाता है।**

**Example**

- Each of the employees needs to submit his or her reports by Friday.

**Rule 10: जब दो या अधिक Singular Nouns 'or', 'Either......or', 'Neither......nor' से संयुक्त किए जाते हैं तो Pronoun, Singular प्रयोग किया जाता है।**

**Example**

- Neither the tunny nor the coral fishery is carried on by the Sardinians themselves, who are not sailors by nature.
- Either my brother or my parents are going to bring the sleeping bags.
- Neither Suresh nor Ramesh is allowed to enter the class if they have not completed the homework given by me last week.

**Rule 11: जब एक Plural एवं एक Singular Noun, 'or' या 'nor' से संयुक्त किए जाते हैं तो Pronoun-Plural लगता है।**

**Example:**

a. **Either** the Principal **or** the teachers failed in **their** duty.

b. **Neither** the teacher **nor** the students have done **their** work.

**Rule 12: तुलनात्मक (Comparative) वाक्यों में than या as के बाद Pronoun की Nominative Form का प्रयोग होगा या Objective Form का यह इस पर निर्भर है कि वाक्य का अर्थ क्या है।**

**Example:**

a. I love you more than he (loves you).

b. I love you more than (I love) him.

c. I shall give you as many pens as (I shall give) him.

d. I am as intelligent as he (is).

**Rule 13: "to be" Form Verb के बाद आने वाला Pronoun उसी Case में होना चाहिए, जिस case में verb "to be" के पहले आने वाला Noun या pronoun प्रयुक्त हुआ हैं ।**

**Example:**

a. It is I.

b. This is She.

**Note: यदि इस तरह के वाक्यों में who/which के साथ जब Clause का प्रयोग होता है। Verb 'to be' के बाद आने वाला Pronoun हमेशा Nominative case में प्रयोग किया जाता है।**

**Example:**

a. It is he who is responsible.

b. It is she who refused the offer.

c. It is I who saw her yesterday.

d. It is he who will pay you.

**Rule 14: Let, like, between, but, except एवं prepositions के बाद Objective Case का प्रयोग किया जाता है।**

**Example:**

a. **Let** <u>**me**</u> do this work.

b. Let <u>me</u> clear the doubts, if any.

c. **Everybody** <u>**but**</u> him was present for the meeting.

**Use of It:**

**Rule 1:** It का प्रयोग जानवर, निर्जीव पदार्थ, देश व शिशु के लिए होता है। 'It' का बहुवचन 'they' होता है।

**Example:**

a. Here is your pen. Please take it.

b. He has a cat. It is very beautiful.

c. When he saw the child, it was playing.

**Rule 2:** It का प्रयोग time, weather (मौसम), temperature (तापमान) तथा distance (दूरी) या अन्य प्राकृतिक घटना को express (अभिव्यक्त) करने के लिए Introductory subject के रूप में होता है। इस case में 'it' को 'empty 'it' कहा जाता है क्योंकि इसका कोई अर्थ नहीं होता है।

**Example:**

a. It is 7 O'clock.

b. It is fine.

c. It is summer.

**Rule 3:** It का प्रयोग Infinitive, Gerund तथा Clause के बदले में भी होता है।

**Example:**

a. It rains.

b. It blows.

**Rule 4:** It का प्रयोग sentence के subject के रूप में noun या pronoun पर जोर डालने के लिए होता है।

**Example:**

a. It is you, who can solve this problem.

b. It is the place where he was murdered.

**Rule 5:** It का प्रयोग Phrase या clause को introduce करने के लिए होता है।

**Example:**

a. **That the Record will break today** is probable.

**Rule 6:** Exclamatory वाक्य में It का प्रयोग निम्न प्रकार किया जाता है ।

**Example:**

a. What a beautiful bird it is!

b. What a large building it is!

**Rule 7: The possessive pronoun required here is "its" (without an apostrophe).**

**It's = it is**

a. She has been a member of this club since its formation.

b. It's impossible to conduct truly causal research on media consumption and suicide.

c. Now it's referring to the same big lug who met his fate thanks to David's slingshot.

d. The energetic kitten is playful after having its breakfast.

e. A computer can't function without its motherboard.

**Rule 15: कुछ Transitive Verbs के साथ Reflexive Pronoun का प्रयोग किया जाता है। Transitive Verb के साथ Object का आना आवश्यक है, जब इन verb के साथ कोई Object नहीं होता है, तो Reflexive Pronoun लगाकर object की पूर्ति करनी होती है।**

**verbs**: avail, absent, enjoy, resign, apply, revenge, exert etc.

**Example:**

a. They enjoyed <u>**themselves**</u> the pleasure of weather.

b. Try to avail <u>**yourself**</u> of every opportunity that comes your way.

c. You should avail <u>yourself</u> of this opportunity to demonstrate your skills.